राजकीय महाविद्यालय, संजौली, शिमला के छात्रों के भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट

Report on the Educational Tour of Students from Govt. College Sanjauli, Shimla to ICFRE-HFRI, Shimla.

राजकीय महाविद्यालय(उत्कृष्टता का केंद्र), संजौली, शिमला के तीस वनस्पति विज्ञान स्नातक विषय के छात्रों के समूह ने 7 दिसम्बर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का दौरा किया। उन्हें संस्थान के अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों के बारे में डॉ. स्वर्ण लता, वैज्ञानिक-डी द्वारा पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से जागरूक किया गया। डॉ. जगदीश सिंह, वैज्ञानिक-जी और प्रभाग प्रमुख विस्तार ने छात्रों मिशन लाइफ की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। विशेषतः सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को अधिकतम करने और ऊर्जा संरक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विवेकपूर्ण उपयोग और उनके खराब होने पर एलेक्ट्रोनिक वेस्ट के उचित निपटान के महत्व के बारे में बताया गया। इसके अलावा अमृत सरोवर योजनाओं के उद्देश्यों और शहरी वानिकी के महत्व के बारे में भी संक्षेप से बताया। संस्थान के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने छात्रों को भा.वा.अ.शि.प. के अधिदेश और उद्देश्यों के बारे में सूचित किया और विभिन्न क्षेत्रों में करियर के लिए छात्रों का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा डॉ. शर्मा ने छात्रों को मोटे अनाज के महत्व के विषय में जानकारी दी। छात्रों को विभिन्न प्रयोगशालाओं, हर्वेरियम और प्रोद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र में भ्रमण करवाया, जहां उन्हें संबंधित प्रयोगशाला प्रभारी, तकनीकी अधिकारी द्वारा चल रही अनुसंधान गतिविधियों और वैज्ञानिक उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। डॉ. जोगिंदर सिंह चौहान, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने छात्रों के संस्थान की यात्रा को समन्वयित किया। श्री कुलवंत राय गुलशन, वरिष्ठ तकनीशियन और श्री स्वराज सिंह, तकनीशियन ने उक्त दौरे के सफल आयोजन में भूमिका निभाई।

भा.वा.अ.शि.प. - हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
में आपका स्वागत है
WELCOME TO
I.C.F.R.E. - Himalayan Forest Research Institute
(Indian Council of Forestry Research & Education)
(An autonomous body under the Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Govt. of India)
Conifer Campus, Panthaghati, Shimla-171 013, Himachal Pradesh
WASH ROOM

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला
Himalayan Forest Research Institute, Shimla

Mission LiFE

प्रसाधन
WASH ROOM
भा.वा.अ.शि.प. - हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
CENTRE OF EXCELLENCE
GOVT. COLLEGE SANJAULI
SHIMLA - 171006 H.P. (India)
Co-Educational Institution, Affiliated to Himachal Pradesh University Shimla - 5
Accredited with A+ Grade by NAAC
Organizes
VISIT TO HFRI PAN THAGHATI
Under DBT Star College Scheme

****